पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.1 वायु सेना स्थल हिंडन

संविदा शिक्षक साक्षात्कार (2025 – 26) सूचना

1. सत्र 2025-26 हेतु संविदा आधार पर शिक्षकों की सूची तैयार करने के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 वायु सेना स्थल हिंडन, गाज़ियाबाद में योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाएगा।
2. इच्छुक अभ्यर्थी सर्वप्रथम **ऑनलाइन गूगल फॉर्म** निर्धारित तिथि **(25/02/2025)** सायें 05.00 बजे तक भरकर अपना पंजीकरण करें तथा संलग्न आवेदन-प्रपत्र को भरकर साक्षात्कार वाले दिन अपने साथ लेकर आएं। साक्षात्कार हेतु पृथक रूप से कोई पत्र प्रेषित नहीं किया जाएगा।
3. अभ्यार्थियों से आग्रह है कि वे अपने समस्त मूल-प्रमाणपत्रों एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्दिष्ट तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु विद्यालय में उपस्थित हों।
4. साक्षात्कार हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
5. साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि वे विद्यालय वेबसाइट पर दी गई निर्धारित तिथि तक **गूगल फॉर्म** अवश्य भर दें। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी गूगल फॉर्म प्रविष्टि / आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. प्राथमिक शिक्षक, संगणक प्रशिक्षक एवं खेलकूद प्रशिक्षक पदों के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए साक्षात्कार के दिन 30 मिनट से 45 मिनट तक की एक **लिखित परीक्षा** होगी। जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। जिसका पाठ्यक्रम आवेदित पद के स्तर का होगा। जैसे कि प्राथमिक शिक्षक के लिए कक्षा 5 तक के पठन-पाठन / नई शिक्षा नीति / शिक्षण योग्यता आदि से संबंधित प्रश्न होंगे। उपर्युक्त पदों के अतिरिक्त अन्य पदों के लिए, प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या के आधार पर ही लिखित परीक्षा निर्धारित की जाएगी। अतः इस हेतु अभ्यर्थी मानसिक रूप से तैयार रहें।
7. एक पद के लिए लगभग 10 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा।
8. प्रत्येक पद के लिए रिक्तियां नहीं हैं तदापि साक्षात्कार प्रत्येक पद के लिए लिया जाएगा, जिससे कि शिक्षकों के स्थानांतरण या लंबे अवकाश पर होने की स्थिति में अविलंब नियुक्ति की जा सके।
9. एयरफोर्स कैंपस में प्रवेश के समय 10 से 15 मिनट का समय लग सकता है, अतः अभ्यर्थी तदनुसार अपना समय प्रबंधन करें। एयरफोर्स कैंपस में प्रवेश के लिए आधार कार्ड / वोटर आइ.डी की मूल हार्ड कॉपी लाना आवश्यक है।
10. यह साक्षात्कार सत्र 2025 – 2026 के लिए ही किया जायेगा।
11. **किसी भी अपडेट के लिए कृपया विद्यालय की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।**

क्र.सं.	पद	तिथि एवं समय
1.	**स्नातकोत्तर शिक्षक:-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, हिन्दी, अंग्रेजी **स्नातक शिक्षक**:- विज्ञान, गणित, हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी	**04/03/2025** लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार
2.	**स्नातकोत्तर शिक्षक**:- अर्थशास्त्र, वाणिज्य, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान / आई. पी **स्नातक शिक्षक**:- सामाजिक विज्ञान, कला शिक्षक (आर्ट & क्राफ्ट) **संगणक प्रशिक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर**	**05/03/2025** लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार

3.	**विविध शिक्षकः-** संगीत शिक्षक, योग शिक्षक, खेलकूद प्रशिक्षक (क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स), काउंसलर, डॉक्टर (सामान्य चिकित्सक), नर्स, स्पेशल एजुकेटर **प्राथमिक शिक्षक**	**06/03/2025** लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार
लिंक : Link for FAQ Link for Google form Link to download Application form		

नोटः

• **दस्तावेजों के सत्यापन, लिखित परीक्षा (यदि आवश्यक हो) एवं साक्षात्कार के लिए समय सारणी, साक्षात्कार के दिन से पहले विद्यालय की वैबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।**

• अद्यतन सूचनाओं हेतु विद्यालय की वैबसाइट का अवलोकन करते रहें।

• पात्रता – के.वि.सं. के अनुसार।

विद्यालय वैबसाइटः https://no1hindon.kvs.ac.in/

साक्षात्कार हेतु स्थलः- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 वायु सेना स्थल हिंडन, गाज़ियाबाद

दूरभाष : 0120-2656707

ई मेल : kv1hcontractual@gmail.com

M.Lal
प्राचार्य (Principal)